Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding increase in pension of differently abled persons.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): सभापति महादेय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

आज मैं आपसे यह विनती करना चाहूंगी कि जितने भी डम्ब, डीफ, ब्लाइंड, मेन्टेली रिटायर्ड, पैरालाइज्ड, हैंडीकैप्स, विडोज़ और सीनियर सिटीजन्स हैं, इन्हें महीने का एक हजार रुपये मिलता है। …(व्यवधान) पहले तो मैं पंत प्रधान जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहूंगी कि हमारे महाराष्ट्र में 600 रुपये से 1000 रुपये करने के लिए पंत प्रधान जी ने डिसिजन लिया है। …(व्यवधान) आज महाराष्ट्र में एक हजार रुपये सभी लोगों को मिलते हैं। लेकिन महाराष्ट्र में यह एक हजार रुपये टाइम पर नहीं मिलते हैं। …(व्यवधान) इन जरूरतमंद लोगों के हाथों में यह एक हजार रुपये दो महीने, तीन महीने लेट आते हैं। मैं आपसे विनती करूंगी कि हैंडीकैप्स, विडोज़, सीनियर सिटीजन्स और अनाथ बच्चों को महीने के मिनिमम तीन हजार रुपये मिलने चहिए, क्योंकि हमारे महाराष्ट्र में ऐसी कोई भी योजना नहीं है। …(व्यवधान) मैं केन्द्र सरकार से विनती करूंगी कि ऐसे सभी व्यक्तियों को सरकार के द्वारा लाइफ इंश्योरेंस भी देना चाहिए, ताकि उनका पालन-पोषण भी हो जाए। …(व्यवधान) आपने देखा होगा कि ब्लाइंड लोगों को अपना पालन-पोषण व गुजारा करना बहुत मुश्किल हो जाता है। …(व्यवधान) मैं केन्द्र सरकार से गुहार करती हूं कि इन्हें महीने का तीन हजार रुपये दिया जाए और उन्हें लाइफ इंश्योरेंस भी दिया जाए। …(व्यवधान) मैं इतनी विनती करती हूं। थैंक यू।

माननीय सभापति : श्री कुलदीप राय शर्मा।

… (व्यवधान)